# Multi Tasking Non Technical Staff and Havaldar CBIC and CBN Examination 2024

| | |
|---|---|
| Exam Date | 14/10/2024 |
| Exam Time | 4:00 PM - 5:30 PM |
| Subject | MTS Non Tech Havaldar CBIC and CBN Examination 2024 |

Section : **Numerical and Mathematical Ability**

**Q.1** दी गई तालिका का अध्ययन कीजिए और निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर दीजिए।

दी गई तालिका चार वर्षों के लिए किसी कंपनी में विभिन्न श्रेणियों के कर्मचारियों में शामिल किए गए नए कर्मचारियों की संख्या और इन श्रेणियों के प्रत्येक वर्ष कंपनी छोड़ने वाले कर्मचारियों की संख्या को दर्शाती है।

| वर्ष | प्रबंधक | | तकनीशियन | | लेखाकार | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | नए शामिल | छोड़ दिए | नए शामिल | छोड़ दिए | नए शामिल | छोड़ दिए |
| 2001 | 280 | 120 | 260 | 50 | 200 | 100 |
| 2002 | 300 | 92 | 340 | 160 | 228 | 95 |
| 2003 | 310 | 150 | 450 | 200 | 254 | 125 |
| 2004 | 420 | 120 | 480 | 180 | 260 | 120 |

वर्ष 2001 से 2004 की अवधि के दौरान कंपनी में शामिल होने वाले प्रबंधकों की कुल संख्या और कंपनी में नए शामिल किए गए लेखाकारों की कुल संख्या के बीच का अंतर कितना है?

**Ans** A). 300 B). 368 C). 259 D). 332

**Correct Answer: B**

**Q.2** एक दुकानदार सामान को उसी मूल्य दर पर बेचता है जिस मूल्य दर पर उसने इन्हें खरीदा था, लेकिन वह ग्राहक को 20% कम मात्रा देता है। उसका लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 30% B). 15% C). 20% D). 25%

**Correct Answer: D**

**Q.3** 9 व्यक्तियों का एक समूह 30 दिनों तक ₹8,100 में गुज़ारा कर सकता है। 7 व्यक्तियों का समूह ₹8,400 में कितने समय तक गुज़ारा कर सकता है?

**Ans** A). 40 दिन B). 43 दिन C). 25 दिन D). 31 दिन

**Correct Answer: A**

**Q.4** ₹38 प्रति किलोग्राम के गेहूं को ₹26 प्रति किलोग्राम के गेहूं के साथ किस अनुपात में मिलाया जाए ताकि मिश्रण को ₹39 प्रति किलोग्राम पर बेचने पर 30% का लाभ हो?

**Ans** A). 2 : 3 B). 3 : 4 C). 1 : 3 D). 1 : 2 **Correct Answer: D**

**Q.5** 3 वर्षों के लिए 7% प्रति वर्ष की ब्याज दर पर उधार ली गई राशि ₹3500 पर साधारण ब्याज (₹ में) ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 675 B). 775 C). 695 D). 735 **Correct Answer: D**

**Q.6** एक बड़े अर्धगोलाकार लोहे के कटोरे के शीर्ष की बाह्य परिधि 565.2 cm है और कटोरा 6 cm मोटा है। इस कटोरे को बनाने के लिए आवश्यक लोहे का आयतन ($cm^3$ में) ज्ञात करें। ($\pi$ = 3.14 का उपयोग करें।)

**Ans** A). 2,85,312.96 B). 2,85,232.96 C). 2,85,132.96 D). 2,85,212.96 **Correct Answer: A**

**Q.7** एक चोर 12.40 p.m. पर एक बाइक चुराता है और इसे 45 km/h की चाल से भगाता है। चोरी के बारे में 1 p.m. पर पता चलता है और मालिक 65 km/h की चाल से कार में उस दिशा में जाता है, जिस दिशा में चोर जा रहा था। मालिक चोर को कितने बजे पकड़ सकता है?

**Ans** A). 1:30 p.m. B). 1:45 p.m. C). 2:10 p.m. D). 2:00 p.m. **Correct Answer: B**

**Q.8** 512 और 296 का महत्तम समापवर्तक कितना है?

**Ans** A). 37 B). 32 C). 8 D). 4 **Correct Answer: C**

**Q.9** 65 लड़कों की एक कक्षा की औसत आयु 14 वर्ष है। उनमें से 20 लड़कों की औसत आयु 14 वर्ष है, और अन्य 15 लड़कों की औसत आयु 12 वर्ष है। शेष लड़कों की औसत आयु (वर्ष में) ज्ञात करें।

**Ans** A). 14 B). 16 C). 17 D). 15 **Correct Answer: D**

**Q.10** 7392 $cm^2$ संपूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल वाले एक अर्धगोलाकार पात्र को तेल से भरा जाता है। हालांकि, पात्र का 1/4 भाग खाली है। इस तेल को 6.3 cm त्रिज्या वाली छोटी अर्धगोलाकार बोतलों में स्थानांतरित करना है। कितनी बोतलों की आवश्यकता होगी (निकटतम पूर्णांक तक पूर्णांकित)? (मान लीजिए, $\pi = \frac{22}{7}$)

**Ans** A). 66 B). 351 C). 156 D). 75 **Correct Answer: A**

**Q.11** एक व्यापारी अपना माल 25% लाभ पर बेचता है। यदि वह इसे 10% अधिक पर खरीदता और इसे ₹75 अधिक पर बेचता, तो उसे 25% का लाभ होता। माल का क्रय मूल्य क्या है?

**Ans** A). ₹1,000 B). ₹800 C). ₹400 D). ₹600 **Correct Answer: D**

**Q.12** एक दुकानदार 25% छूट देता है और 20% लाभ प्राप्त करता है। अंकित मूल्य, क्रय मूल्य से कितने प्रतिशत अधिक है?

**Ans** A). 50% B). 60% C). 80% D). 20% **Correct Answer: B**

**Q.13** यदि किसी गोले के आयतन को उसके पृष्ठीय क्षेत्रफल से विभाजित किया जाता है, तो परिणाम 54 cm होता है। गोले की त्रिज्या कितनी है?

**Ans** A). 166 cm B). 111 cm C). 182 cm D). 162 cm **Correct Answer: D**

**Q.14** 50 छात्रों के एक समूह की औसत लंबाई 175 cm है। यदि 180 cm की औसत लंबाई वाले 40 छात्रों के एक अन्य समूह को इसमें शामिल किया जाता है, तो दोनों समूह को मिलाकर औसत (cm में, निकटतम cm तक पूर्णांकित) ज्ञात करें।

**Ans** A). 176 B). 178 C). 177 D). 174 **Correct Answer: C**

**Q.15** 3 वर्षों के लिए 6% वार्षिक की ब्याज दर पर उधार ली गई राशि ₹2000 पर साधारण ब्याज (₹ में) ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 320 B). 400 C). 300 D). 360 **Correct Answer: D**

**Q.16** एक आदमी ने 3 बोरी सीमेंट प्रत्येक ₹2,200 की दर से, 4 बोरी सीमेंट प्रत्येक ₹2,550 की दर से और 5 बोरी सीमेंट प्रत्येक ₹3,120 की दर से खरीदा। एक बोरी सीमेंट की औसत कीमत कितनी है?

**Ans** A). ₹2,700 B). ₹2,800 C). ₹2,805 D). ₹2,623 **Correct Answer: A**

**Q.17** ₹550 पर 8 माह के लिए 3 पैसे प्रति रुपए प्रति माह की दर से साधारण ब्याज ज्ञात कीजिए?

**Ans** A). ₹132 B). ₹131 C). ₹130 D). ₹134 **Correct Answer: A**


**Q.18** तीन उम्मीदवारों ने एक चुनाव लड़ा और उन्हें क्रमशः 1136, 7636 और 11628 मत प्राप्त हुए। हारने वाले प्रत्याशी (सबसे आखिर में आने वाला) को कुल मतों के कितने प्रतिशत मत मिले? (दो दशमलव स्थान तक गणना करें)।

**Ans** A). 7.89% B). 6.34% C). 3.89% D). 5.57% **Correct Answer: D**

**Q.19** दो रेलगाड़ियां समान चाल से विपरीत दिशाओं में चल रही हैं। प्रत्येक रेलगाड़ी की लंबाई 180 m है। यदि वे 12 सेकंड में एक-दूसरे को पार करती हैं, तो प्रत्येक रेलगाड़ी की चाल (km/h में) क्या है?

**Ans** A). 45 B). 54 C). 63 D). 36 **Correct Answer: B**

**Q.20** दिया गया बार ग्राफ चार अलग-अलग वर्षों में एक परिवार की आय और व्यय (हजार ₹ में) को दर्शाता है।




संदर्भ: Income - आय, Expenditure - व्यय, Years - वर्ष
शुरुआती दो वर्षों (2017 और 2018) में परिवार की कुल बचत की तुलना में अंतिम दो वर्षों (2019 और 2020) में परिवार की कुल बचत कितने प्रतिशत, अधिक या कम है?
(बचत = आय - व्यय)

**Ans** A). 13.5% कम B). 11.5% कम C). 10.5% अधिक D). 12.5% अधिक **Correct Answer: D**

## Section : Reasoning Ability and Problem Solving

**Q.1** सात मित्र, मोनू, अभय, विक्की, चिट्टी, देवा, हमज़ा और संजय, हमज़ा की जन्मदिन की पार्टी मना रहे हैं और एक वृत्ताकार व्यवस्था में केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं। (परंतु जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में बैठे हों)।
अभय और देवा का निकटतम पड़ोसी मोनू है।
अभय, हमज़ा के बाएं से दूसरे स्थान पर बैठा है।
संजय, हमज़ा के निकटतम पड़ोसियों में से एक है।
देवा और विक्की दोनों का निकटतम पड़ोसी चिट्टी है।
मोनू के बाएं से तीसरे स्थान पर कौन बैठा है?

**Ans** A). विक्की B). संजय C). देवा D). हमज़ा **Correct Answer: A**

**Q.2** छः खिलाड़ी जडेजा, अश्विन, कार्तिक, मुरली, सरफराज और विराट एक वृत्ताकार मेज के चारों ओर केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं (परंतु जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में बैठे हों)। विराट, जडेजा के ठीक दाईं ओर बैठा है। विराट और मुरली के बीच में केवल सरफराज बैठा है। जडेजा, अश्विन का निकटतम पड़ोसी है। सरफराज और कार्तिक दोनों का निकटतम पड़ोसी कौन है?

**Ans** A). विराट B). मुरली C). जडेजा D). अश्विन **Correct Answer: B**

**Q.3** यदि '+' और '−' को आपस में बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को आपस में बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण के प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

$22 \times 11 + 13 - 12 \div 2 = ?$

**Ans** A). 13 B). 22 C). 35 D). 17 **Correct Answer: A**

**Q.4** अंग्रेजी वर्णानुक्रम के आधार पर EKQW किसी निश्चित प्रकार से JPVA से संबंधित है। ठीक उसी प्रकार, BHNT, GMSX से संबंधित है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, PVBH निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?


**Ans** A). UBGL B). UABL C). UAGL D). UCGL **Correct Answer: C**

**Q.5** दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही यह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता/करते है/हैं।
कथन:
कुछ पोसम, बाइसन हैं।
कोई पोसम, भेड़िया नहीं है।
निष्कर्ष:
[1] सभी भेड़िए, बाइसन हो सकते हैं।
[2] सभी बाइसन, भेड़िए हैं।


Ans A). केवल निष्कर्ष [2] अनुसरण करता है B). न तो निष्कर्ष [1] और न ही [2] अनुसरण करता है C). केवल निष्कर्ष [1] अनुसरण करता है
D). निष्कर्ष [1] और [2] दोनों अनुसरण करते हैं


**Correct Answer: C**


**Q.6** दिए गए विकल्पों में से उस आकृति को चुनिए जो निम्नलिखित श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आ सकती है और पैटर्न को पूरा कर सकती है।





Ans

A). 



B). 



C). 


D). 


**Correct Answer: C**

**Q.7** दी गई आकृति के उस सही दर्पण प्रतिबिंब को चुनिए, जो नीचे दर्शाए गए अनुसार दर्पण को MN पर रखने पर बनेगा।




Ans A).  B).  C).  D). 

**Correct Answer: A**

**Q.8** दी गई श्रृंखला में प्रश्नवाचक चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?

**89 92 98 107 119 ?**

Ans A). 114 B). 144 C). 124 D). 134

**Correct Answer: D**

**Q.9** MAZE, अंग्रेजी वर्णानुक्रम के आधार पर एक निश्चित प्रकार से QEDI से संबंधित है। ठीक उसी प्रकार YMLQ, CQPU से संबंधित है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए OCBG निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

Ans A). SFGK B). SGKF C). SGFK D). GKSF

**Correct Answer: C**

**Q.10** उस समुच्चय का चयन कीजिए जिसमें संख्याएँ आपस में उसी प्रकार संबंधित हैं जिस प्रकार निम्नलिखित समुच्चयों की संख्याएँ आपस में संबंधित हैं।

(ध्यान दें: संख्याओं को उनके घटक अंकों में अलग-अलग किए बिना पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएं की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए संख्या 13 - संख्या 13 पर संक्रियाएं जैसे 13 को जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में अलग-अलग करने की और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

(25, 8, 400)
(12, 14, 336)

Ans A). (22, 9, 198) B). (17, 11, 189) C). (19, 8, 152) D). (16, 21, 672)

**Correct Answer: D**

**Q.11** एक निश्चित कूट भाषा में, 'barks a lot' को 'qw er ui' के रूप में लिखा जाता है और 'the dog barks' को 'op ji er' के रूप में लिखा जाता है। उस भाषा में 'barks' को कैसे लिखा जाएगा?

**Ans** A). er B). qw C). ui D). ji

**Correct Answer: A**

**Q.12** दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, चाहे वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो और निर्णय लीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।


कथन:
सभी मुर्गियाँ, चूज़े हैं।
सभी चूज़े, अंडे हैं।

निष्कर्ष:
(I) सभी मुर्गियाँ, अंडे हैं।
(II) सभी अंडे, चूज़े हैं।


**Ans** A). निष्कर्ष I और II दोनों अनुसरण करते हैं। B). न तो निष्कर्ष I और न ही II अनुसरण करता है। C). केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है। D). केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है।


**Correct Answer: D**


**Q.13** उस विकल्प का चयन कीजिए जिसमें दी गई आकृति सन्निहित है (घूर्णन की अनुमति नहीं है)।




**Ans**

A). 

B). 

C). 

D). 


**Correct Answer: C**

**Q.14** एक निश्चित कूट भाषा में, 'BEAM' को '5791' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'MINT' को '2467' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'M' के लिए कूट क्या है?


**Ans** A). 7 B). 1 C). 6 D). 2


**Correct Answer: A**


**Q.15** विकल्पों में से उस आकृति का चयन कीजिए जो प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर आकर श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण कर सकता है।





**Ans**

A). 

B). 

C). 

D). 

**Correct Answer: A**

**Q.16** एक निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए 181, 417 से संबंधित है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए 149, 385 से संबंधित है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, 262 निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

(ध्यान दें: संख्याओं को उनके घटक अंकों में अलग-अलग किए बिना पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएं की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए संख्या 13 - संख्या 13 पर संक्रियाएं जैसे 13 को जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में अलग-अलग करने की और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

Ans A). 437 B). 465 C). 498 D). 474 **Correct Answer: C**

**Q.17** एक कूट भाषा में, 'RAMESH' को 'UAPEVK' के रूप में लिखा जाता है और 'TOM' को 'WOP' के रूप में लिखा जाता है। उसी भाषा में 'MEGHANA' को किस प्रकार लिखा जाएगा?

Ans A). QEJKAQA B). PDJKAQA C). QDJKAQA D). PEJKAQA **Correct Answer: D**

**Q.18** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

**SDW, OHS, KLO, GPK, ?**

Ans A). CSG B). BSG C). BTG D). CTG **Correct Answer: D**

**Q.19** किसी कूट भाषा में, 'ARVL' को 'FOAI' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'DOXY' को 'ILCV' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। उसी भाषा में 'MPSB' को किस प्रकार कूटबद्ध किया जाएगा?

Ans A). QMWY B). QNWZ C). RNXZ D). RMXY **Correct Answer: D**

**Q.20** यदि निम्नलिखित समीकरण में '+' और '–' को आपस में बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को आपस में बदल दिया जाए, तो समीकरण में प्रश्न चिह्न '?' के स्थान पर क्या आएगा?

**13 + 4 × 2 ÷ 5 – 2 = ?**

Ans A). 2 B). 7 C). 5 D). 3 **Correct Answer: C**

## Section : General Awareness

**Q.1** 2024 में किस राज्य को खेल को बढ़ावा देने के लिए स्पोर्टस्टार एसेस सर्वश्रेष्ठ राज्य (Sportstar ACES Best State) का पुरस्कार मिला?

Ans A). तमिलनाडु B). हरियाणा C). पंजाब D). ओडिशा **Correct Answer: A**

**Q.2** 13 फरवरी 2023 तक की स्थिति के अनुसार, सर्वोच्च न्यायालय में न्यायाधीशों की संख्या बढ़कर कितनी हो गई है?

Ans A). 30 B). 26 C). 34 D). 28 **Correct Answer: C**

**Q.3** निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प किसी पारिस्थितिकी तंत्र में विघटक (decomposer) का एक उदाहरण है?

Ans A). उत्पादक (Producer) B). मांसाहारी (Carnivore) C). कवक (Fungus) D). शाकाहारी (Herbivore) **Correct Answer: C**

**Q.4** भारत में विधायी शक्तियों को तीन सूचियों में विभाजित किया गया है, जो संघ सूची, राज्य सूची और _____________ हैं।

Ans A). समवर्ती सूची B). क्षेत्रीय सूची C). संघीय सूची D). विशेष सूची **Correct Answer: A**

**Q.5** किस क्षेत्र में भूजल (groundwater) का सर्वाधिक उपयोग किया जाता है?

Ans A). कृषि B). घरेलू C). शिक्षा D). औद्योगिक **Correct Answer: A**

**Q.6** 2023 में एकल पैरा एशियाई खेल स्पर्धा (single Para Asian Games event) में दो स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली महिला कौन बनी?

Ans A). सरिता देवी B). नीमा रानी C). दिशा धयाल D). शीतल देवी **Correct Answer: D**

**Q.7** नीति आयोग द्वारा जारी किया गया निम्नलिखित में से कौन-सा श्वेत पत्र (white papers) भारत में सार्वजनिक स्वास्थ्य निगरानी (Public Health Surveillance) से संबंधित है?

Ans A). विजन 2035 B). मिशन कर्मयोगी C). ध्रुव मिशन D). आरोग्य मिशन **Correct Answer: A**

**Q.8** महापाषाण स्थल (Megalithic site) __________ घोड़ नदी, जो भीमा (Bhima) नदी की एक सहायक नदी है, पर स्थित एक स्थल है।

Ans A). हल्लूर (Hallur) B). हिरे बेनकाल (Hire benakal) C). पोट्टु (Pottru) D). इनामगाँव (Inamgaon) **Correct Answer: D**

**Q.9** चाँदी के आभूषणों पर बनने वाली काली परत क्या है?

Ans A). AgCl B). $Ag_2CO_3$ C). $AgNO_3$ D). $Ag_2S$

Correct Answer: D

**Q.10** निम्नलिखित में से किसने कहा था कि सरकारी राजकोषीय नीति का उपयोग उत्पादन और रोजगार के स्तर को स्थिर करने के लिए किया जाना चाहिए?

Ans A). अल्फ्रेड मार्शल (Alfred Marshall) B). लियोनेल चार्ल्स रॉबिंस (Lionel Charles Robbins) C). एडम स्मिथ (Adam Smith) D). जेएम कीन्स (JM Keynes)

Correct Answer: D

**Q.11** निम्नलिखित में से किस राज्य में प्रसिद्ध अंतर्राष्ट्रीय रेत कला महोत्सव (International Sand Art Festival) आयोजित किया जाता है, जहाँ कलाकार रेत पर विविध विचारों और उनकी व्याख्या से मंत्रमुग्ध हो जाते हैं?

Ans A). असम B). बिहार C). पश्चिम बंगाल D). ओडिशा

Correct Answer: D

**Q.12** निम्नलिखित में से कौन-सी एल.के. आडवाणी की आत्मकथा है?

Ans A). डेयर टु ड्रीम (Dare to Dream) B). माय कंट्री माय लाइफ (My Country My Life) C). विंग्स ऑफ फायर (Wings of Fire) D). एग्जाम वारियर्स (Exam Warriors)

Correct Answer: B

**Q.13** निम्नलिखित समाज सुधारकों में से किसने ब्रह्म प्रसंविदा (Brahmo Covenant) लिखी, जो ब्रह्म समाज के पंथ का एक वृतांत (statement) था?

Ans A). देबेंद्रनाथ टैगोर B). ईश्वर चंद्र विद्यासागर C). केशव चंद्र सेन D). राजा राम मोहन राय

Correct Answer: A

**Q.14** निम्नलिखित में से कौन-सा चाँदी का सिक्का सुल्तान शमसुद्दीन इल्तुतमिश (Sultan Shamsuddin Iltutmish) ने चलवाया था?

Ans A). जीतल (Jittal) B). दीनार (Dinar) C). अदाली (Adali) D). टका (Tanka)

Correct Answer: D

**Q.15** मंदिर का वह भाग जिसमें मंदिर के मुख्य देवी/देवता विराजित होते हैं, उसे _______ कहा जाता है।

Ans A). गर्भ गृह B). स्तूप C). शिकारा D). मंडप

Correct Answer: A

**Q.16** वैश्विक बहुआयामी गरीबी सूचकांक 2022 के अनुसार, 2020 में भारत में गरीब व्यक्तियों की जनसंख्या कितनी है?

Ans A). 228.9 मिलियन B). 328.9 मिलियन C). 428.9 मिलियन D). 128.9 मिलियन

Correct Answer: A

**Q.17** सामा चकेवा (Sama Chakeva) एक लोक नृत्य है, जो भाई-बहन सामा और चकेवा की पौराणिक कहानी पर आधारित है, जिसमें भाई अपनी बहन को बचाने के लिए किसी भी हद तक चला जाता है। इस लोक नृत्य का संबंध भारत के निम्नलिखित में से किस राज्य से है?

Ans A). पंजाब B). बिहार C). हरियाणा D). असम

Correct Answer: B

**Q.18** दूधसागर झरना (Dudhsagar waterfall), _________ राज्य का एक प्रमुख पर्यटन स्थल है।

Ans A). गोवा B). नागालैंड C). छत्तीसगढ D). मेघालय

Correct Answer: A

**Q.19** भारत के निम्नलिखित में से किस गवर्नर जनरल ने भारतीय बुनकरों की दुर्दशा के बारे में "कपास बुनकरों की हड्डियाँ भारत के मैदानों में बिखरी पड़ी हैं (The bones of the cotton weavers are scattered on the plains of India)" लिखा?

Ans A). लॉर्ड विलियम बेंटिंक (Lord William Bentinck) B). सर जॉन शोर (Sir John Shore) C). लॉर्ड मिंटो (Lord Minto) D). लॉर्ड एमहर्स्ट (Lord Amherst)

Correct Answer: A

**Q.20** राजस्थान की कालबेलिया जनजाति की प्रसिद्ध लोक नृत्यांगना गुलाबो सपेरा को वर्ष _________ में पद्म श्री प्राप्त हुआ।

Ans A). 2016 B). 2021 C). 2017 D). 2023

Correct Answer: A

**Q.21** आवर्त सारणी में, जब आप किसी आवर्त (क्षैतिज पंक्ति) में बाएँ से दाएँ जाते हैं तो परमाणु त्रिज्या क्या प्रवृत्ति दर्शाती है?

Ans A). परमाणु त्रिज्या अनियमित व्यवहार प्रदर्शित करती है B). परमाणु त्रिज्या बढ़ती है C). परमाणु त्रिज्या स्थिर रहती है D). परमाणु त्रिज्या घटती है

Correct Answer: D

**Q.22** भारत और पाकिस्तान के बीच लाहौर घोषणा पत्र (Lahore declaration) पर हस्ताक्षर कब किए गए थे?

Ans A). फरवरी 1999 B). अगस्त 1998 C). दिसंबर 1991 D). जुलाई 1948

Correct Answer: A

**Q.23** 'विधि का शासन' भारतीय संविधान की एक प्रमुख विशेषता है, जिस सिद्धांत का श्रेय ___________ को दिया जाता है।

Ans A). अल्बर्ट वेन डाइसी (Albert Venn Dicey) B). कार्ल मार्क्स (Karl Marx) C). एडम स्मिथ (Adam Smith) D). प्लेटो (Plato)

Correct Answer: A

**Q.24** **निम्नलिखित में से किस फसल को उगाने में लगभग एक वर्ष का समय लगता है?**

**Ans** A). गन्ना (Sugarcane) B). रागी (Ragi) C). सोयाबीन (Soyabean) D). मूंगफली (Groundnut)

**Correct Answer: A**

**Q.25** **वासिफुद्दीन डागर (Wasifuddin Dagar) निम्नलिखित में से किस शास्त्रीय संगीत शैली से जुड़े थे?**

**Ans** A). ख्याल B). तराना C). ग़ज़ल D). ध्रुपद

**Correct Answer: D**

## Section : English Language and Comprehension

**Q.1** **Select the most appropriate option that can substitute the underlined segment in the given sentence. If there is no need to substitute it, select 'No substitution required'.**

**If she <u>had gone to the party</u>, she could have met Amit.**

**Ans** A). has gone to the party B). have went to the party C). No substitution required D). had go to the party

**Correct Answer: C**

**Q.2** **Select the most appropriate synonym of the underlined word.**

**The team worked together to <u>execute</u> the challenging task.**

**Ans** A). analyse B). accomplish C). announce D). abandon

**Correct Answer: B**

**Q.3** **Identify the ANTONYM pair.**

**Ans** A). Convince and Persuade B). Dissuade and Encourage C). Influence and Motivate D). Encourage and Support

**Correct Answer: B**

**Q.4** **Select the most appropriate option that can substitute the underlined segment in the given sentence. If there is no need to substitute it, select 'No substitution'.**

**Commodity prices are the <u>dearer</u> in the present economic scenario.**

**Ans** A). quite dear B). No substitution C). dearest D). dear

**Correct Answer: C**

**Q.5** **Select the most appropriate meaning of the underlined idiom.**
**She finally <u>spilled the beans</u> about the surprise party.**

**Ans** A). Prepared a bean dish B). Caused a mess C). Dropped a container of beans D). Revealed a secret or disclosed information

**Correct Answer: D**

**Q.6** **Select the correct spelling of the underlined word in the given sentence.**

**We do not <u>expet</u> Reema to follow all the rules from the first day of work.**

**Ans** A). expect B). expact C). expict D). execpt

**Correct Answer: A**

**Q.7** **Select the most appropriate meaning of the underlined idiom.**

**Sushant looked <u>blue in the face</u> after the marathon.**

**Ans** A). exhausted B). sad C). happy D). good

**Correct Answer: A**

**Q.8** **Select the option that can be used as a one-word substitute for the given group of words.**
**Something that is so extraordinary or unbelievable that it's hard to believe it**

**Ans** A). Ordinary B). Incredible C). Horrible D). Exquisite

**Correct Answer: B**

**Q.9** **Select the most appropriate synonym of the underlined word.**

**The students demonstrated their <u>excitement</u> by volunteering for community service.**

**Ans** A). freedom B). ignorance C). anxiety D). enthusiasm

**Correct Answer: D**

**Q.10** **The following sentence has been split into four segments. Identify the segment that contains a grammatical error.**
**The artist believes that this new collection of paintings / has being / a masterpiece that / will redefine contemporary art.**

**Ans** A). The artist believes that this new collection of paintings B). will redefine contemporary art C). has being D). a masterpiece that

**Correct Answer: C**

**Q.11** **Select the option that can be used as a one-word substitute for the given group of words.**
**A person who abstains from any sort of alcoholic drinks**

**Ans** A). Veteran B). Teetotaller C). Samaritan D). Termagant

**Correct Answer: B**

**Q.12** **The following sentence contains an error. Select the option that correctly rectifies the error.**

**His aunt who lives at America brought a lot of gifts for him and his sister.**

**Ans** A). His aunt which lives B). and her sister C). in America brought a D). lot of gifts by him

**Correct Answer: C**

**Q.13** **The following sentence has been divided into parts. One of them may contain an error. Select the part that contains the error from the given options. If you don't find any error, mark 'No error' as your answer.**

**Alaska in the USA / is the colder / of all the states.**

**Ans** A). Alaska in the USA B). of all the states. C). is the colder D). No error

**Correct Answer: C**

**Q.14** **The following sentence has been divided into parts. One of them may contain an error. Select the part that contains the error from the given options. If you don't find any error, mark 'No error' as your answer.**

**The students were diligently / studying for their exams / for weeks before you arrived.**

**Ans** A). studying for their exams B). The students were diligently C). for weeks before you arrived D). No error

**Correct Answer: B**

**Q.15** **In the following sentence the underlined part contains an error. Alternatives to the underlined part are given as options. Select the correct alternative.**
**Which flower do you like <u>best</u>?**

**Ans** A). good B). most good C). better D). the best

**Correct Answer: D**

**Q.16** **Select the most appropriate meaning of the underlined phrase.**

**I should <u>look into my past</u> and decide what the next course of action should be.**

**Ans** A). Retrospect B). Prospect C). Introspect D). Disrespect

**Correct Answer: A**

**Q.17** **Select the option with the correct spelling to replace the underlined word in the given sentence.**

**Polluted air can be <u>dangeros</u>, even if the pollutants are invisible.**

**Ans** A). dangerus B). dangeris C). dangeres D). dangerous

**Correct Answer: D**

**Q.18** **Select the most appropriate ANTONYM of the given word.**
**Timid**

**Ans** A). Modest B). Oppress C). Bold D). Humble

**Correct Answer: C**

**Q.19** **Select the INCORRECTLY spelt word.**

**Ans** A). Excess B). Aresst C). Express D). Harass

**Correct Answer: B**

**Q.20** **Select the most appropriate ANTONYM of the word given in brackets to fill in the blank.**
**After the floods, Uttarakhand was in a _______(ravaged) condition.**

**Ans** A). influenced B). restored C). ratified D). languid

**Correct Answer: B**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

A brigantine is a two-masted sailing vessel (1)_____ fore-and-aft rigging on the mainmast and square rigging on the foremast. The pirates that (2)______ the Mediterranean in the sixteenth century loved it for its speed and ease of handling. The brigantine (3)__________ into a true sailing vessel in the waters of northern Europe. Although the words began to be used interchangeably, it was (4)________ from the fully square-rigged brig by its gaff-rigged mainsail. True brigantines, for (5)______, were defined as having square topsails above a gaffed mainsail.

**SubQuestion No : 21**

**Q.21** **Select the most appropriate option to fill in blank number 1.**

**Ans** A). predicting B). focusing C). featuring D). attending

**Correct Answer: C**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

A brigantine is a two-masted sailing vessel (1)_____ fore-and-aft rigging on the mainmast and square rigging on the foremast. The pirates that (2)______ the Mediterranean in the sixteenth century loved it for its speed and ease of handling. The brigantine (3)__________ into a true sailing vessel in the waters of northern Europe. Although the words began to be used interchangeably, it was (4)_______ from the fully square-rigged brig by its gaff-rigged mainsail. True brigantines, for (5)_____, were defined as having square topsails above a gaffed mainsail.

**SubQuestion No : 22**

**Q.22** **Select the most appropriate option to fill in blank number 2.**

**Ans** A). integrated B). transpired C). fixed D). ravaged

**Correct Answer: D**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

A brigantine is a two-masted sailing vessel (1)_____ fore-and-aft rigging on the mainmast and square rigging on the foremast. The pirates that (2)______ the Mediterranean in the sixteenth century loved it for its speed and ease of handling. The brigantine (3)__________ into a true sailing vessel in the waters of northern Europe. Although the words began to be used interchangeably, it was (4)_______ from the fully square-rigged brig by its gaff-rigged mainsail. True brigantines, for (5)_____, were defined as having square topsails above a gaffed mainsail.

**SubQuestion No : 23**

**Q.23** **Select the most appropriate option to fill in blank number 3.**

**Ans** A). evolved B). submitted C). garnished D). discharged

**Correct Answer: A**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

A brigantine is a two-masted sailing vessel (1)_____ fore-and-aft rigging on the mainmast and square rigging on the foremast. The pirates that (2)______ the Mediterranean in the sixteenth century loved it for its speed and ease of handling. The brigantine (3)__________ into a true sailing vessel in the waters of northern Europe. Although the words began to be used interchangeably, it was (4)_______ from the fully square-rigged brig by its gaff-rigged mainsail. True brigantines, for (5)_____, were defined as having square topsails above a gaffed mainsail.

**SubQuestion No : 24**

**Q.24** **Select the most appropriate option to fill in blank number 4.**

**Ans** A). mourned B). split C). spill D). join

**Correct Answer: D**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

A brigantine is a two-masted sailing vessel (1)_____ fore-and-aft rigging on the mainmast and square rigging on the foremast. The pirates that (2)______ the Mediterranean in the sixteenth century loved it for its speed and ease of handling. The brigantine (3)__________ into a true sailing vessel in the waters of northern Europe. Although the words began to be used interchangeably, it was (4)_______ from the fully square-rigged brig by its gaff-rigged mainsail. True brigantines, for (5)_____, were defined as having square topsails above a gaffed mainsail.

**SubQuestion No : 25**

**Q.25** **Select the most appropriate option to fill in blank number 5.**

**Ans** A). mention B). case C). instance D). location

**Correct Answer: C**